प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 14.04.2025

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन दिखाकर लोन लेने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन मे, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में, उ0नि0 अंजय सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 573/2023 धारा 419,420,467,468,471,406,120बी भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त रियाज को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे व्यक्ति की खाली पड़ी जमीन को सिक्योरिटी के रूप में दिखाकर आईसीआईसीआई बैक से लोन ले लेना व किश्त न भरने के संबंध में वादी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

रियाज पुत्र स्व0 मो0 खलील निवासी कांशीराम आवास बगहिया चौराहा थाना खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 573/2023 धारा 419,420,467,468,471,406,120बी भादवि थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 अंजय कुमार सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. कां0 अमितेश प्रजापति थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. कां0 अभिषेक सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर